कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने दीपोत्सव मेले का फीता काटकर किया शुभारम्भ

नगर निगम द्वारा आयोजित दीपोत्सव मेला 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चलेगा मेले का मुख्य उद्देश्य जनहित में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार प्रसार करना

युवा हस्ताक्षर ब्यूरो

शाहजहाँपुर। कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रामलीला मैदान में नगर निगम द्वारा आयोजित दीपोत्सव मेले का आज फीता काटकर शुभारम्भ किया। शासन की मंशा के अनुसार नगर आयुक्त, नगर निगम ने नगर में खिरनीबाग रामलीला मैदान में दीपोत्सव मेले का आयोजन किया। मेला 28 अक्टूबर से 03 नवंबर तक चलेगा। शुभारम्भ के उपरान्त कैबिनेट मंत्री ने दीपावली मेले में सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिये अलग-अलग विभागों के द्वारा मेले में लगाये गये स्टॉलों का भ्रमण कर देखा। इस अवसर पर उन्होंने कहा गया कि नगर निगम द्वारा आयोजित दीपोत्सव मेले में शहरी समृद्धि उत्सव के साथ-साथ भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं छोट उद्यमियों को आय का अतिरिक्त साधन अर्जित करने के लिये अवसर प्रदान किये जायेगें। साथ ही उन्होंने बताया कि इस दीपावली मेले में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बॉलीवुड कलाकारों के द्वारा भी प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने समस्त नगरवासियों से अपील करते हुए कहा नगर निगम द्वारा आयोजित दीपोत्सव मेले में अधिक से अधिक प्रतिभाग कर मेले में आयोजित विभिन्न प्रकार के कायर्क्रमों का मनोरंजन लें तथा छोटे उद्यमियों का उत्साहवधर्न करें। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया गया कि दीपावली मेले में शाम के समय सांस्कृतिक कायर्क्रम एवं कवि सम्मेलन का भी कायर्क्रम किया जायेगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा ने बताया गया कि दीपोत्सव मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिये झूले भी लगाये गये है। उन्होंने बताया गया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तगर्त 28 अक्टूबर से 31 तक सांस्कृतिक विभाग के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि दीपावली मेले में मैजिक शो, कठ पुतली शो आदि का आयोजन करने के साथ-साथ नगर के स्वंय सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के स्वदेशी सामानों के स्टॉल भी लगवाये गये है। नगर आयुक्त ने कहा कि इस दीपावली मेले के माध्यम से शहरवासी मनोरंजन कर सकेगें एवं स्वदेशी निमिर्त वस्तुओं से परिचित होकर छोटे उद्यमियों का उत्साहवधर्न के निवासी कर सकेगें। इस अवसर पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह, अजय प्रताप सिंह यादव एवं अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह, सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार वर्मा, मुख्य कर निधार्रण अधिकारी आरती सिंह, परियोजना अधिकारी (डूडा) अतुल कुमार पाठक एवं अन्य अधिकारी कमर्चारीगण उपस्थित रहें।